## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड षष्ठम विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन आज राज्यपाल का होगा अभिभाषण, वित्त मंत्री पेश करेंगे चालू वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024 के फाइनल में युवा नवाचारियों से करेंगे बातचीत ।**
3. **राज्य के सदर अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने के लिए अस्पताल उपाधीक्षकों की बढ़ी जिम्मेदारी, निजी अस्पतालों की निगरानी के लिए नियामक संस्था का होगा गठन।**
4. **यूजीसी ने कहा– छात्र 12वीं कक्षा के विषयों के अलावा स्नातक के कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में किसी भी विषय में दे सकते हैं परीक्षा।**

**और**

5. **मौसम विभाग ने संथाल, कोल्हान समेत राज्य के अधिकांश जिलों में कोहरे से बचाव को लेकर जारी किया येलो अलर्ट, न्यूनतम तापमान में गिरावट से और बढ़ेगी ठंड।**

''''''''''''''''''

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। इस दौरान राज्यपाल सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं से सदन को अवगत कराएंगे।

''''''''''''''''''

झारखंड विधानसभा में आज राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर चालू वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेंगे। इस बजट में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, बिरसा फसल योजना, दो सौ यूनिट तक बिजली बिल माफी समेत कई योजनाओं को शामिल किया जाएगा।

''''''''''''''''''

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो सर्वसम्मति से दूसरी बार झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। अपने संबोधन में सदन के सदस्यों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जिन सपनों को लेकर झारखंड आंदोलन की लंबी लड़ाई चली और झारखंड निर्माण हुआ उसे पूरा करने के लिए पक्ष और विपक्ष का सहयोग जरूरी है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें।

इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें, साथ ही नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में अवसर प्रदान करें।

''''''''''''''''''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024 के फाइनल में युवा नवाचारियों से बातचीत करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान देश के 51 केन्द्रों में आयोजित इस सातवें हैकेथॉन के ग्रैंड फिनाले का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इसमें फाइनल में विद्यार्थियों की एक हजार तीन सौ से अधिक टीमें भाग लेंगी।

स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन दैनिक जीवन में आने वाली प्रमुख समस्याओं के समाधान का मंच उपलब्ध कराने की राष्ट्रव्यापी पहल है। इसके माध्यम से चुनौतियों के नवाचारी समाधान की क्षमता विकसित होती है।

''''''''''''''''

---

राज्य के सदर अस्पतालों में व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल उपाधीक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ाने का फैसला लिया है। नई व्यवस्था के तहत अब राज्यभर के सदर अस्पतालों के निकासी व्ययन पदाधिकारी सदर अस्पताल के उपाधीक्षक होंगे। स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि निजी नर्सिंग होम, अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटरों की मनमानी रोकने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। इस संस्थाओं पर नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर नियामक संस्था का गठन किया जाएगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नियामक संस्था आम नागरिकों के हितों की सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी भी करेगी। श्री अंसारी ने कहा कि अब गरीब मरीजों को इलाज के अभाव में जान नहीं गंवानी पड़ेगी।

''''''''''''''''

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास की व्यापक उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभिन्न श्रेणियों में कुल 45 व्यक्तियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है।

''''''''''''''''

---

स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए वर्ष 2025 से आयोजित होने वाली सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में छात्रों को 12वीं कक्षा में पढ़े गए विषयों के अलावा कोई भी विषय लेने की छूट होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि इससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए अपनी पंसद का विषय चुनने में सुविधा होगी। पेश है एक रिपोर्ट–

''''''''''''''''

---

सरायकेला–खरसावां जिला व्यवहार न्यायालय के **एडीजे–वन** सह एनडीपीएस एक्ट के विशेष जज चौधरी एहसान मोईज की अदालत ने ट्रक चालक गणपत राम चौधरी तथा राम निवास गोदरा को अवैध अफीम डोडा के कारोबार के मामले में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दोनों पर एक–एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

''''''''''''''''

---

खूंटी जिले की पुलिस ने पीएलएफआई के दो हार्डकोर नक्सलियों को कर्रा थाना क्षेत्र के पलसा गांव से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने इनके दो सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया है। इन नक्सलियों के पास से पुलिस ने नगद बहत्तर हजार पांच सौ रूपये और तीन मोबाइल, एक चार चक्का वाहन और नक्सली पर्चा भी बरामद किया है।

''''''''''''''''

---

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान विस्फोटकों की बरामदगी का सिलसिला जारी है। जिले के नक्सल प्रभावित सारंडा वन के छोटानगरा और किरीबुरु थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने एक विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि 2 किलोग्राम वजन का यह विस्फोटक सुरक्षा बलों को लक्षित कर लगाया गया था। उन्होंने बताया कि इसे जंगल में ही विनष्ट कर दिया गया।

''''''''''''''''''

जामताड़ा जिला और आसपास के क्षेत्रों में पारा गिरने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। ठंड के प्रकोप से बचने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जरूरी दिशा निर्देश जारी किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

''''''''''''''''''

मौसम विभाग ने संथाल परगना, कोल्हान प्रमंडल समेत राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह के वक्त कोहरा से बचाव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी।

''''''''''''''''''

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

- रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने रबींद्रनाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- **प्रभात खबर** लिखता है– पक्ष– विपक्ष को रबींद्रनाथ महतो पर भरोसा, सर्वसम्मति से चुने गये विधानसभा अध्यक्ष।
- **हिंदुस्तान** के शब्द हैं– रबींद्रनाथ महतो लगातार दूसरी बार चुने गये विधानसभा अध्यक्ष।
- **दैनिक जागरण** की सुर्खी है– लगातार दूसरी बार विधानसभा के स्पीकर बने रबींद्रनाथ महतो।
- अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने भी रबींद्रनाथ महतो के स्पीकर चुने जाने की खबर को पहने पन्ने पर प्रकाशित किया है।
- **दैनिक भास्कर** ने राज्यसभा के उपसभापति तथा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**''''''''समाप्त''''''''**